


मासिक समाचार पत्र

# हरियाणा का पैगाम

सत्य, समाज और सरोकार का पैगाम, हरियाणा की बात, हरियाणा के साथ

हिन्दी समाचार पत्र

हरियाणा से प्रकाशित समाचार पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

मुख्य संपादक : सत्यम नागपाल # 367-F, PROFESSORCOLONY, YAMUNA NAGAR-135001 (HARYANA) • Mob. 93155-55560, 93557-77739, 93550-09777 website : https://hkp.yamunasandesh.com

वर्ष-01/ अंक 03, पृष्ठ -04 | यमुनानगर, मंगलवार, 01 सितम्बर, 2026 | Email: haryanakapaigam@gmail.com | मूल्य : 10:00 प्रति कॉपी | PRGI No.: HRHIN/26/A3461


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीआरआईसीएस सुमीत में दिखेगी विकसित भारत की विकसित नई दिल्ली की झलक : कुलजीत सिंह चहल



**हरियाणा का पैगाम,सत्यम नागपाल :**

**कुरुक्षेत्र।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत मंडपम में 11 से 13 सितम्बर 2026 तक आयोजित होने वाले बीआरआईसीएस सुमीत-2026 के मद्देनजर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा व्यापक नागरिक तैयारियों को तेज कर दिया गया है। सम्मेलन स्थल, वीआईपी रूट, प्रमुख मार्गों, बाजारों प्रतिनिधियों के ठहरने वाले होटल क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता, हरित सौंदर्यीकरण, रखरखाव, ब्रांडिंग और सजावटी प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। यह जानकारी आज नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष श्री कुलजीत सिंह चहल ने दी। चहल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप भारत आज वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान और बढ़ती हुई क्षमता के साथ आगे बढ़ रहा है। बीआरआईसीएस सुमीत जैसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजन भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करते हैं। ऐसे में नई दिल्ली आने वाले विदेशी प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए राजधानी को स्वच्छ, हरित, सुंदर और विश्वस्तरीय स्वरूप प्रदान करना एनडीएमसी की प्राथमिकता है।

**17 प्रमुख गोलचक्करों पर सजावटी रोशनी :** चहल ने कहा कि 17 प्रमुख गोलचक्करों पर विद्युत सजावटी रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। इनमें पटेल चौक, विंडसर प्लेस, मंडी हाउस, शांतिपथ-कौटिल्य, शांतिपथ-पंचशील, शांतिपथ-सत्य मार्ग, आरएमएल, तीन मूर्ति, क्यू-पॉइंट, क्लेरिजेज होटल, सम्राट होटल, अशोका होटल, मेथी, लोक कल्याण मेट्रो स्टेशन, मान सिंह, यॉर्क प्लेस और पीएम गोलचक्कर शामिल हैं।

**11 होटल परिसरों पर सजावटी रोशनी :** उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से पहले 11 प्रमुख होटल परिसरों को सजावटी रोशनी से रोशन किया जाएगा। इनमें होटल ताज पैलेस, आईटीसी मौर्या, अशोका होटल, सम्राट होटल, द लीला होटल, ताज मानसिंह, क्लेरिजेज होटल, शांगरी-ला होटल, ले मेरिडियन होटल, इम्पीरियल होटल तथा एक अन्य चिन्हित होटल परिसर शामिल है।

# हरियाणा राइट टू बिजनेस बिल से विनिर्माण क्षेत्र के एमएसएमई को 15 कार्य दिवसों के भीतर मिलेगी सैद्धांतिक मंजूरी

## पात्र उद्यमों के लिए समयबद्ध स्वीकृति सुनिश्चित करने को डीम्ड अप्रूवल का प्रावधान

**हरियाणा का पैगाम, संजीव ओबराय :**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में उद्यमियों के लिए कारोबारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने और अधिक अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण सुधारवादी कदम उठाया है। हरियाणा विधानसभा ने मंगलवार को हरियाणा राइट टू बिजनेस बिल, 2026 पारित कर दिया। इस कानून के तहत पात्र नए और विस्तार करने वाले विनिर्माण क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई एस) को 15 कार्यदिवसों के भीतर सर्टिफिकेट ऑफ इन-प्रिंसिपल अप्रूवल (सीआईपीए) प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। निर्धारित अवधि में निर्णय न होने की स्थिति में डीम्ड अप्रूवल का भी प्रावधान है। राज्य सरकार के 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप यह कानून प्रक्रियागत देरी को कम करने तथा उद्यमियों के लिए नई विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने और मौजूदा इकाइयों का विस्तार करने की प्रक्रिया को आसान एवं तेज बनाने का प्रयास है। इसके तहत उद्यमियों को प्रारंभिक चरण में सभी नियमित मंजूरियों की प्रतीक्षा नहीं करनी होगी। कानून के प्रावधानों के अनुसार, नए विनिर्माण एमएसएमई तथा विस्तार करने वाले मौजूदा विनिर्माण एमएसएमई सीआईपीए के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे नियमित मंजूरियां प्राप्त करने की प्रक्रिया के समानांतर उद्यमों की स्थापना अथवा विस्तार को आगे बढ़ाने में सुविधा होगी। संबंधित उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला नोडल एजेंसी द्वारा 15 कार्यदिवसों के भीतर सीआईपीए प्रदान किया जाएगा। यदि निर्धारित अवधि में कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तो कानून के तहत डीम्ड अप्रूवल का प्रावधान होगा। इससे पात्र उद्यमों के लिए समयबद्ध स्वीकृति की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। सर्टिफिकेट ऑफ इन-प्रिंसिपल अप्रूवल 36 माह तक वैध रहेगा। इस अवधि के दौरान पात्र उद्यमों को सभी आवश्यक नियमित मंजूरियां प्राप्त करनी होंगी। कानून के तहत नियमित मंजूरियों की आवश्यकता को समाप्त नहीं किया गया है, बल्कि पात्र उद्यमों को ये सभी मंजूरियां प्राप्त करने के लिए 36 माह की अवधि प्रदान की गई है, ताकि इस दौरान उनके उद्यम की स्थापना अथवा विस्तार की प्रक्रिया सुगमता से आगे बढ़ सके। सर्टिफिकेट ऑफ इन-प्रिंसिपल अप्रूवल की वैधता के दौरान नियमित निरीक्षण और दंडात्मक कार्रवाई पर रोक रहेगी। वर्तमान में कानून के तहत इस अवधि के दौरान छह विभागों द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण से संरक्षण का प्रावधान किया गया है।



सी.एम. नायब सिंह सैनी हरियाणा विधानसभा परिसर में संबोधित करते हुए

## साइबर अपराधों और आनलाइन धोखाधड़ी से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए जिला पुलिस चला रही विशेष अभियान

**हरियाणा का पैगाम, अनुराधा शर्मा :**

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी से बचाव के लिए सतर्कता और जागरूकता ही सबसे सशक्त माध्यम है। यदि किसी नागरिक के साथ किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होती है, तो वह बिना किसी देरी के तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाए। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से भी अपनी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाइन शॉपिंग, डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई भुगतान का चलन तेजी से बढ़ा है। इसी का फायदा उठाकर साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। विशेषकर आगामी फेस्टिवल सीजन में बंपर डिस्काउंट, आकर्षक ऑफर, लॉटरी और ईनाम के नाम पर साइबर अपराध के मामलों में बढ़ोतरी देखी जाती है। लोग अक्सर लालच या जल्दबाजी में आकर संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर देते हैं, जिससे उनकी व्यक्तिगत और बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साइबर अपराधियों तक पहुँच जाती है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को हिदायत दी है कि वे किसी भी अनजान कॉल, मैसेज, ईमेल या सोशल मीडिया लिंक पर तुरंत विश्वास न करें। अपना बैंक खाता नंबर, एटीएम विवरण, सीवीवी, ओटीपी, यूपीआई पिन या पासवर्ड किसी भी स्थिति में साझा न करें। पुलिस विभाग




स्पष्ट करता है कि बैंक या कोई भी अधिकृत संस्था फोन पर ऐसी गोपनीय वित्तीय जानकारी कभी नहीं मांगती। इसके साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग करते समय केवल प्रामाणिक और सुरक्षित वेबसाइट अथवा एप्लीकेशन का ही प्रयोग करें। अत्यधिक डिस्काउंट और संदिग्ध ऑफर्स देने वा पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जोर देकर कहा कि साइबर ठगी होने की स्थिति में शुरुआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। 1930 हेल्पलाइन पर जितनी जल्दी सूचना दी जाएगी, ठगी गई राशि को फ्रीज कराने और वित्तीय नुकसान को रोकने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। उन्होंने युवाओं से भी अपील की है कि वे अपने परिवार, बुजुर्गों और आसपास के लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें ताकि जिला पलवल को साइबर अपराध मुक्त बनाया जा सके।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत सीएम सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के तहत उपायुक्तों के साथ बैठक

**हरियाणा का पैगाम, नितिन नागपाल :**

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के तहत सभी उपायुक्तों की बैठक ली। बैठक में उनके साथ कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, विकास एवं पंचायत और खान एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल, उद्योग एवं वाणिज्य और पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह आदि मंत्री उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान में आशीर्वाद का दीया, नमते सेवा गाथा, नुक्कड़ नाटक, विकसित भारत संकल्प यात्रा, विकसित भारत 2047 ज्योति यात्रा, जन-जल और सेवा संकल्प यात्रा, सेवा मेरा योगदान, 25 सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार चलाया जाएगा। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि 12 वर्ष के काम इंगित करें। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि लाभार्थियों को इसका पूरा-पूरा लाभ मिले। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन कुमार आहूजा ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवा संकल्प अभियान को उत्साह के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल एवं समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन कुमार आहूजा, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीएसपी कवलजीत सिंह, डीआरओ तरुण सहोता, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी सुमन भाटिया, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम लता, माई भारत यमुनानगर की डिप्टी डायरेक्टर ओंकार स्वामी, एमएसएमई के संयुक्त निदेशक वीपीएस आहलूवालिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।





**BALRAJ HYDRO INDUSTRIES**

Mfrs. & Export of :

Plywood Machine, Hydraculic Press, Panel Door Plants, Peeling Lathe, Machine, Knife Grinding Machine etc.


Plywood Veneers Core Dryer Machine


Wood Cutting Chipper Machine Capacity 1 to 10 Ton


Pelling Lath Machine


Fully Automatic Brush Sending Machine


S.S 304 Glue Cattle Capacity 1 To 25 Ton

Address : E-17, Near Poly Plastic Chowk, Industrial Area, Yamuna Nagar (Haryana)

Email: balraj.hydro@yahoo.com

Mob. 93543-10999, 93553-36887



DR. ANIL AGGARWAL

AGGARWAL HOSPITAL

A NABH ACCREDITED MULTI SPECIALITY HOSPITAL

NEAR HOTEL SAPPHIRE, MAIN ROAD, JAGADHRI PH. 01732-232600, 8708277067, 9355550000



आयुष्मान योजना के तहत सभी प्रकार के ऑपरेशन मुफ्त किए जाते हैं

और अन्य प्रमुख बीमा कम्पनियों के लिए कैशलेस सुविधा उपलब्ध

भूतपूर्व सैनिकों के इलाज के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत हस्पताल

CASHLESS TREATMENT FOR BSNL EMPLOYEES

- LASER & STAPLER द्वारा बवासीर का सफलतम इलाज
- मूत्र की पथरी, पित्त की पथरी, कंडोम व मूत्र की नाली की पथरी का आप्रेशन
- सभी प्रकार के कैंसर का आप्रेशन
- हर्निया, अपेंडिक्स, एपेंडिक्स सर्जरी, गॉलब्लेडर का आप्रेशन
- लगातार डिलीवरी, सिजेरियन आप्रेशन व सभी गैस्ट्रोलॉजी सुविधाएं
- बच्चेदानी के आप्रेशन, प्रसूति पूर्व जांच की सुविधा एवं समस्याओं का इलाज
- सिस्टलेस्का एवं (PCOD) का इलाज
- महिलाओं में बढ़ती अनुवांशिक की समस्या का इलाज
- बच्चेदानी की सर्जरी का इलाज, दूरबीन ऑपरेशन का आप्रेशन
- दाद, खाज, खुजली, एलर्जी व यौन रोग का ईलाज
- HAIR TRANSPLANT / ALL TYPE OF LASERS, CO2 LASER FOR SCARS
- LATEST LASER FOR HAIR REMOVAL / PICO LASER FOR PIGMENTATION














# सावनपुरी व बसंत नगर में 21.62 लाख की लागत से बनेगी दो पक्की गलियां व अंडरग्राउंड नालियां

हरियाणा का पैगाम, गुरदीप सिंह :



**यमुनानगर।** नगर निगम द्वारा जगाधरी के वार्ड 6 के बसंत नगर व सावनपुरी में 21 लाख 62 हजार की लागत से दो मुख्य गलियों व अंडरग्राउंड नालियों का निर्माण किया जाएगा। बुधवार को मेयर सुमन बहमनी ने पूर्व मंत्री कंवरपाल व पार्षद अंकित गोयल की मौजूदगी में इन विकास कार्यों का शिलान्यास किया और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि वार्ड 6 के बसंत नगर में विक्रांत त्यागी के घर से विजय ओबेरॉय के घर तक गली का निर्माण करवाया जाएगा। इसके साथ ही सावनपुरी में सुधीर अग्रवाल के घर से विमल चोपड़ा के घर तक गली का निर्माण होगा। दोनों स्थानों पर आरसीसी एनपी-2 अंडरग्राउंड नाले का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन के साथ-साथ जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सड़कों, गलियों, नालियों और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य शहर के प्रत्येक क्षेत्र तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना है। वार्ड 6 में होने वाले इन कार्यों से स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जरूरत के अनुसार अन्य विकास कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर करवाए जाएंगे। मौके पर मार्केट कमेटी जगाधरी के चेयरमैन विपुल गर्ग, पार्षद अंकित गोयल, पवन बंसल अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुकान से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

हरियाणा का पैगाम, बलविन्द्र सिंह :




**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने दुकान से चोरी करने के आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने दुकान से चोरी करने के आरोपी प्रियांशु उर्फ डड्डु वासी वासी खेडी रामनगर हाल पता शास्त्री नगर थानेसर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपने शिकायत में सूर्या कांत वासी शंकर कालोनी लाडवा रोड कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी राजेश पायलट चौक के पास 7-क्र थानेसर में श्री शिवाय डायरी के नाम से दुकान है। दिनाक 31 अगस्त 2026 को सुबह जब वह दुकान पर आया तो दुकान में से उसका चांदी का ब्रेसलेट, 2500 रुपए, एक मोबाइल फोन चोरी हो गये। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई। 1 सितम्बर 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक कुमार के मार्ग निर्देश में मुख्य सिपाही भजन सिंह, पवन कुमार, सिपाही सतबीर व अमित की टीम ने दुकान से चोरी करने के आरोपी प्रियांशु उर्फ डड्डु वासी वासी खेडी रामनगर हाल पता शास्त्री नगर थानेसर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चांदी का ब्रेसलेट, 1000 रुपए व मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया।

# आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पतालों को क्लेम भुगतान में देरी, आर्थिक संकट गहराया



हरियाणा का पैगाम, शालू नागपाल :

**यमुनानगर।** यमुनानगर। हरियाणा में आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पतालों को अपने क्लेम के भुगतान में लगातार देरी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते अस्पतालों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, जगाधरी-यमुनानगर शाखा ने इस समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की है। आईएमए की ओर से जारी प्रेस सूचना में बताया गया कि क्लेम फाइल करने के लिए तय 15 दिनों की समय-सीमा के बावजूद भुगतान में छह महीने से भी अधिक की देरी हो रही है। इससे अस्पताल भारी आर्थिक दबाव में आ गए हैं और उनके लिए आयुष्मान सेवाएं जारी रखना मुश्किल होता जा रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण एक अस्पताल को बंद भी करना पड़ा है। आईएमए ने कहा कि भुगतान में लगातार हो रही देरी का सीधा असर हरियाणा के गरीब लाभार्थियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। इसी के चलते आयुष्मान से जुड़े अस्पतालों ने सरकार, संबंधित अधिकारियों, मीडिया और आम जनता का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करने का निर्णय लिया है।

**1 सितंबर की रात से सेवाएं बंद रखने का निर्णय :** आईएमए जगाधरी-यमुनानगर शाखा के अनुसार, 1 सितंबर 2026 की रात 12 बजे से 2 सितंबर की रात 12 बजे तक आयुष्मान सेवाएं बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह सांकेतिक निर्णय सरकार और संबंधित अधिकारियों का ध्यान समस्या के समाधान की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# नशे के विरुद्ध अभियान में विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरियाणा का पैगाम, रेणु :



**यमुनानगर।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री संजय कुमार, आईपीएस के दिशा-निर्देशों तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद एवं ब्यूरो के पुलिस उप-महानिरीक्षक श्री राजेंद्र कुमार मीणा, आईपीएस के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में नशे के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों बताया कि नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता, स्वास्थ्य, पढ़ाई, कौशल, रोजगार और भविष्य को प्रभावित करता है। डॉ. वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को परिचर्चा में सहभागी करते हुए उनसे नशे के प्रारम्भिक कारणों और उससे बचने के उपायों पर संवाद किया। उन्होंने बताया कि कई बार नशे की शुरुआत केवल जिज्ञासा, बुरी संगति या मित्रों के दबाव में आकर होती है। प्रारम्भ में व्यक्ति इसे सामान्य समझता है, लेकिन धीरे-धीरे यही व्यसन उसके जीवन पर नियंत्रण करने लगता है और भविष्य को अंधकारमय बना देता है। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्हें अपनी ऊर्जा नशे में नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल विकास, खेल, रोजगार, सामाजिक सेवा और रचनात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। भावनात्मक संदेश देते हुए डॉ. वर्मा ने कहा, नशा होता अच्छा तो माँ कहती—खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने कहा कि कोई भी मां अपने बच्चे को नशे में नहीं देखना चाहती। इसलिए युवाओं को अपने माता-पिता की आशाओं और अपने उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए नशे से हमेशा दूर रहना चाहिए। डॉ. वर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो नशे के विरुद्ध प्रवर्तन, जागरूकता तथा उपचार एवं पुनर्वास के तीन प्रमुख स्तरों पर कार्य कर रहा है। नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के साथ विद्यार्थियों और आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं नशे की लत से पीड़ित लोगों को उपचार एवं पुनर्वास के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति को समाज से अलग करने के बजाय उसके उपचार और पुनर्वास में परिवार तथा समाज को सहयोग करना चाहिए। समय पर उपचार, उचित मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से नशे की गिरफ्त में आया व्यक्ति भी सामान्य एवं सम्मानजनक जीवन जी सकता है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यदि कहीं नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी अथवा अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले तो हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हेल्पलाइन 90508-91508 अथवा राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाती है। कार्यक्रम के समापन पर शपथ ग्रहण करवाई।

# सीबीसी चंडीगढ़ ने साइबर जागरूकता, सोशल मीडिया के प्रभाव पर की कार्यशाला आयोजित

हरियाणा का पैगाम, शिवानी जुनेजा :



**चंडीगढ़।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा साइबर जागरूकता एवं सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रेस सूचना ब्यूरो और केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय तथा विभिन्न फील्ड कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री प्रीतम सिंह, निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में प्रभावी जनसंचार के लिए साइबर जागरूकता और सोशल मीडिया का जिम्मेदार उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील सूचनाओं के साथ कार्य किया जाता है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को साइबर खतरों, फिशिंग, संदिग्ध लिंक, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा भ्रामक सूचनाओं के प्रति सतर्क रहना चाहिए। श्री प्रीतम सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया जनसंचार और नागरिकों तक सरकारी सूचनाएं पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। हालांकि, इसकी प्रभावशीलता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि किसी भी सूचना को सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले उसकी सत्यता और स्रोत की पुष्टि अवश्य करें। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय आधिकारिक जानकारी, व्यक्तिगत डेटा एवं संवेदनशील सूचनाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। सपना, उप निदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो, चंडीगढ़ ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के दौर में प्रत्येक सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए डिजिटल और साइबर जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से सरकारी योजनाओं, नीतियों और जनहितकारी सूचनाओं को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाया जा सकता है, लेकिन इसके साथ गलत सूचना और भ्रामक सामग्री के प्रसार की चुनौती भी मौजूद है। उन्होंने प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, संदिग्ध लिंक एवं अटैचमेंट से सावधान रहने तथा किसी भी असामान्य ऑनलाइन गतिविधि के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। कार्यशाला में डॉ. सुमेधा सिंह, प्रोफेसर, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया के बदलते स्वरूप और समाज, संचार तथा जनमत पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने सूचनाओं के आदान-प्रदान और लोगों से जुड़ने की प्रक्रिया को तेज एवं आसान बनाया है। इसके माध्यम से जागरूकता, जनभागीदारी और सूचना के व्यापक प्रसार को बढ़ावा दिया जा सकता है, लेकिन इसके साथ गलत सूचना, अपुष्ट सामग्री तथा सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से सोशल मीडिया का संतुलित, विवेकपूर्ण और जिम्मेदार उपयोग करने का आग्रह किया। श्री गुरचरण सिंह, फैकल्टी सदस्य, केंद्रीय अन्वेषण प्रशिक्षण संस्थान, चंडीगढ़ ने साइबर जागरूकता विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के साइबर खतरों और उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संदिग्ध ई-मेल, संदेश, लिंक और ऑनलाइन अनुरोधों पर सावधानी बरतने तथा महत्वपूर्ण डिजिटल जानकारी को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मजबूत पासवर्ड, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और साइबर घटनाओं की समय पर रिपोर्टिंग को साइबर सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित व्यवहारिक सावधानियों, डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग तथा सोशल मीडिया पर जिम्मेदार आचरण के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के प्रभाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यशाला का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर खतरों एवं सोशल मीडिया से संबंधित चुनौतियों के प्रति अधिक जागरूक बनाना था।

# एमसीडी नियमों को ताक पर रखकर तदर्थ समिति का चुनाव कराने पर भाजपा के खिलाफ आप का हल्ला बोल



हरियाणा का पैगाम, मोनिका :

**पांवटा साहिब।** आम आदमी पार्टी ने नियम विरुद्ध एमसीडी के तदर्थ समिति का चुनाव कराने पर भाजपा के खिलाफ सिविक सेंटर में जमकर प्रदर्शन किया। गुरुवार को अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति का चुनाव अपराह्न 3 बजे होना निर्धारित था, लेकिन भाजपा शासित एमसीडी ने नियमों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाते हुए चुनाव 2:50 बजे ही करा दिया। साथ ही, समिति में अपना अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने के लिए नियम विरुद्ध जाकर दलित सदस्यों की संख्या 35 से घटाकर 21 कर दी। इसके खिलाफ आप पार्षदों ने मेयर कार्यालय का घेराव किया और चुनाव को तत्काल रद्द करने की मांग की। इस बाबत एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि सिविक सेंटर में गुरुवार को आयोजित तदर्थ समिति चुनाव में भाजपा शासित एमसीडी ने एक बार फिर अपना दलित विरोधी रवैया उजागर किया। अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति का चुनाव अपराह्न 3 बजे होना निर्धारित था, लेकिन भाजपा शासित एमसीडी ने नियमों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाते हुए चुनाव 2:50 बजे ही करा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के इसी दलित विरोधी और अलोकतांत्रिक रवैये के खिलाफ आम आदमी पार्टी के निगम पार्षदों ने भाजपा महापौर कार्यालय में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी की मांग है कि इस चुनाव को तत्काल रद्द किया जाए और अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति में सदस्यों की संख्या 21 से बढ़ाकर पुन: 35 की जाए, ताकि समिति का गठन निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से हो सके। अंकुश नारंग ने कहा कि तदर्थ समिति चुनाव के दौरान भाजपा शासित एमसीडी ने अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति में अपने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने के उद्देश्य से समिति में दलित सदस्यों की संख्या 35 से घटाकर मात्र 21 कर दी। भाजपा के इस कदम के विरोध में आम आदमी पार्टी ने दलित समाज के प्रतिनिधित्व को कम करने की कोशिश के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि सदस्यों की संख्या कम करने के खिलाफ उन्होंने एमसीडी को पत्र भी लिखा था और इस चुनाव को टालने का आग्रह किया था। उन्होंने मांग की थी कि दलित सदस्यों की संख्या पुन: 21 से बढ़ाकर 35 किया जाए, इसके बाद चुनाव कराया जाए।

# पुलिस ने पेहवा में 2 लाख की लूट मामले के 3 आरोपी किए गिरफ्तार

हरियाणा का पैगाम, लाल सिंह :




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने पेहवा के व्यक्ति से 2 लाख रुपए की लूट मामले के 3 आरोपियों को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट मामले के आरोपी अभिषेक उर्फ अभी व आशीष उर्फ बिल्ला वासीयान बलबेडा जिला कैथल तथा व अमित उर्फ अंकित वासी हजवाना जिला कैथल को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कस्टडी से भागने की कोशिश में आरोपी अभिषेक से पुलिस की मुठभेड़ हुई जिसमें आरोपी के पैर में लगी गोली लगने से घायल हो गया। घायल आरोपी को एलएनजेपी हस्पताल में दाखिल करवाया गया। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह ने बताया कि दिनांक 1 सितम्बर को पुलिस को दी अपनी शिकायत में सतपाल सिंह वासी शास्त्री कॉलोनी पेहवा ने बताया कि 1 सितम्बर 26 को वह घर से 2 लाख रुपए की नकदी लेकर मोटरसाइकिल पर संधु फार्म मोरथली की तरफ जा रहा था। रास्ते में तीन बाइक सवार युवकों ने उसका पीछा करते हुए हुडा ग्राउंड के रास्ते में उसे रोककर जबरदस्ती उससे 2 लाख रुपए की नकदी छीनकर भाग गए। छीनाझपटी के दौरान उसे चोटें आई थीं, जिसके चलते उसे प्राथमिक उपचार के लिए उसे अस्पताल पेहवा में भर्ती करवाया गया। जिसकी शिकायत पर थाना शहर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच की गिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी थी। 2 सितम्बर 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह के अर्म्म निर्देश में सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार, मुख्य सिपाही विजय कुमार, सिपाही अंकित की टीम अपराधियों की तलाश में थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि वारदात के बाद तीनों आरोपी हरिद्वार में छुपे हुए हैं। पुलिस टीम ने तुरंत हरिद्वार में दबिश कर तीनों आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान अभिषेक उर्फ अभी व आशीष उर्फ बिल्ला वासीयान बलबेडा जिला कैथल तथा व अमित उर्फ अंकित वासी हजवाना जिला कैथल के रूप में हुई।

**हरिद्वार से पेहवा लाते समय आरोपी से हुई मुठभेड़ :** जानकारी देते हुए सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह ने बताया कि हरिद्वार से तीनों आरोपियों को काबू करके पुलिस टीम आरोपियों को लेकर पेहवा आ रही थी। जब उनकी टीम कुरुक्षेत्र-लाडवा रोड गांव कड़ामी के पास पहुंची तो आरोपी अभिषेक ने लघुशंका जाने की बात कही। पुलिस के दो कर्मचारियों ने उसे गाड़ी से नीचे उतारा। इसी दौरान अभिषेक ने कर्मचारियों के साथ हाथापाई करते हुए भागने तथा पुलिस कर्मचारी का हथियार छीनने की कोशिश की। पुलिस कर्मचारियों ने आरोपी को ऐसा न करने की चेतावनी दी, लेकिन आरोपी के भागने का प्रयास करने पर पुलिस कर्मचारी ने फायर किया जो गोली आरोपी के उसके पैर में लगी।

**न्यायालय में पेश कर लिया जाएगा पुलिस रिमांड :** पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों को आज न्यायालय में पेश कर उनका पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से लूटी गई रकम, वारदात में इस्तेमाल बाइक तथा अन्य पहलुओं के बारे में पूछताछ करेगी। आरोपियों से पूछताछ के बाद लूट की वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों का भी खुलासा होने की संभावना है।

**आरोपियों के खिलाफ पहले भी संगीन मामले दर्ज हैं :** सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपी युवकों के खिलाफ पहले भी जिला कुरुक्षेत्र व जिला कैथल में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अभिषेक के खिलाफ स्नैचिंग व मोटरसाइकिल चोरी के 5 मामले दर्ज हैं। आरोपी आशीष के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी के 3 मामले दर्ज हैं।

# लीनस क्लब की भजन संध्या में दिखी महिला शक्ति और एकजुटता



हरियाणा का पैगाम, मनीष ग्रोवर :

**यमुनानगर।** लीनेस क्लब की फाउंडर, प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर लीनस पलक गोयल, वाइस प्रेसिडेंट लीनस कविता मित्तल, सेक्रेटरी लीनस पूनम गोयल, जॉइंट सेक्रेटरी लीनस नेहा गुप्ता, ट्रेज़रर लीनस सिमरन गर्ग एवं पीआरओ लीनस सुरभि गर्ग के नेतृत्व में होटल सफायर, यमुनानगर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन चौहान रहे। भजन संध्या में करीब 200 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया के वरिष्ठ सदस्य भी विशेष रूप से बाहर से पधारे, जिनमें लीनेस सुमन मित्तल जी, लीनस इंदु मेहता जी, लीनस शशि कुठियाला जी एवं लीनस मनीषा शर्मा जी शामिल रहीं। इन वरिष्ठ सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। वे सदैव क्लब के सदस्यों को अपने अनुभव, मार्गदर्शन एवं सहयोग से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करती हैं। उनकी उपस्थिति ने क्लब की महिला सदस्यों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें समाजसेवा एवं क्लब की गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरणा दी। कार्यक्रम में भजन गायक अक्षत जोशी ने अपनी मधुर एवं मनमोहक आवाज में भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर पूरे समां को भक्तिमय बना दिया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। भजन संध्या में क्लब की महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरे उत्साह और टीम भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। नवगठित लीनस क्लब ने बेहद कम समय में यमुनानगर में अपनी मजबूत और सकारात्मक पहचान बनाई है। क्लब की सक्रियता सामाजिक सेवा, जनहित और सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर दिखाई दे रही है। महिला सदस्य प्रत्येक गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए क्लब की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। फाउंडर, प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर लीनस पलक गोयल के मार्गदर्शन में क्लब निरंतर नई गतिविधियों के साथ आगे बढ़ रहा है। क्लब की पूरी टीम सदस्यों की सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय है।

# आप पार्षदों ने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया को बाधित करने का किया प्रयास, पीठासीन अधिकारी से साथ किया अभद्र व्यवहार : प्रवेश वाही

हरियाणा का पैगाम, अनिल गुप्ता :



**दिल्ली।** दिल्ली के माननीय महापौर श्री प्रवेश वाही ने आज आम आदमी पार्टी के पार्षदों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आप पार्षदों ने दिल्ली नगर निगम की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने का सुनियोजित प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आज तदर्थ अनुसूचित जाति कल्याण समिति तथा अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों के कोटे के कार्यान्वयन से संबंधित समिति की चुनाव प्रक्रिया निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई थी, लेकिन आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने मौके पर पहुंचकर जानबूझकर हंगामा खड़ा किया और पीठासीन अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार किया। महापौर श्री प्रवेश वाही ने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि आम आदमी पार्टी द्वारा चुनाव के लिए कोई प्रत्याशी तक नामांकित नहीं किया गया था। इसके बावजूद आप पार्षद चुनाव प्रक्रिया स्थल पर पहुंचे और अनावश्यक रूप से हंगामा करते हुए संवैधानिक प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जब किसी राजनीतिक दल ने चुनाव में अपना प्रत्याशी ही नहीं उतारा, तो फिर चुनाव प्रक्रिया को रोकने और सदन की संस्थागत व्यवस्था को बाधित करने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन हंगामा, अभद्रता, पीठासीन अधिकारी का अपमान और संवैधानिक प्रक्रिया को बलपूर्वक रोकने का प्रयास लोकतांत्रिक अधिकार नहीं है। यह सीधे तौर पर लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को चुनौती देने वाला कृत्य है।

**महापौर कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ और सुरक्षाकर्मियों से धक्का : मुक्की का आरोप** महापौर श्री प्रवेश वाही ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करने के बाद आम आदमी पार्टी के पार्षद महापौर कार्यालय में पहुंचे और वहां भी अनुशासन एवं मर्यादा की सभी सीमाएं पार कर दीं। उन्होंने आरोप लगाया कि आप पार्षदों ने महापौर कार्यालय में दरवाजों और कुर्सियों को नुकसान पहुंचाया तथा वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की। महापौर ने कहा कि उन्होंने स्वयं लोकतांत्रिक भावना का परिचय देते हुए आम आदमी पार्टी के पार्षदों की बात सुनने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि महापौर कार्यालय में आकर इस प्रकार का व्यवहार न केवल कार्यालय की गरिमा का अपमान है, बल्कि नगर निगम की संस्थागत व्यवस्था के प्रति भी गंभीर अनादर है।श्री प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली की महिला उप महापौर के सामने आम आदमी पार्टी के एक पार्षद द्वारा कथित रूप से अपने कपड़े उतारने का प्रयास किया जाना अत्यंत शर्मनाक, अमर्यादित और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से समाज के सामने उच्चतम स्तर की मर्यादा और जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है, लेकिन आज की घटना ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार करने का काम किया है। महापौर श्री प्रवेश वाही ने कहा कि आज की घटना से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि आम आदमी पार्टी संवैधानिक प्रावधानों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निर्धारित प्रक्रियाओं को स्वीकार करने के बजाय दबाव, हंगामे और अराजकता के माध्यम से निर्णयों को प्रभावित करने का प्रयास करती है।

# थाना साइबर क्राइम के प्रभारी रविंद्र कुमार ने बस स्टैंड यमुनानगर में पहुंचकर छात्रों और आमजन को दिए सुरक्षा के महत्वपूर्ण सुझाव

हरियाणा का पैगाम, मनीषा कपूर :



**यमुनानगर।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना साइबर क्राइम के प्रभारी रविंद्र कुमार ने ओम एकेडमी यमुनानगर तथा बस स्टैंड यमुनानगर में पहुंचकर छात्र-छात्राओं और आमजन को साइबर फ्रॉड से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान लोगों को जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और ठग नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। ऐसे में जिला पुलिस द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे साइबर अपराधियों के झांसे में आने से बच सकें। किसी कड़ी में कार्य करते हुए थाना साइबर क्राइम के प्रभारी रविंद्र कुमार ने ओम एकेडमी यमुनानगर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी, पासवर्ड और अन्य निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। इसके अलावा सोशल मीडिया पर आने वाले संदिग्ध लिंक, फर्जी नौकरी के ऑफर, लॉटरी, निवेश योजनाओं और ऑनलाइन खरीदारी के नाम पर होने वाली ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। बस स्टैंड यमुनानगर में भी पुलिस टीम ने यात्रियों और आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। लोगों को बताया गया कि यदि किसी के साथ ऑनलाइन ठगी होती है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं या साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करें। समय पर शिकायत करने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और नागरिकों ने भी साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल और प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

# एल्फ आइलैंड प्री-स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव



हरियाणा का पैगाम, हर्ष कपूर :

**यमुनानगर।** एल्फ आइलैंड प्री-स्कूल में आज जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की मनमोहक वेशभूषा में सजकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कृष्ण जी के बाल स्वरूप को दर्शाते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, फूलों एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और जन्माष्टमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को भी समझा। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति एवं त्योहारों से जुड़े संस्कारों के बारे में जानकारी दी। पूरे कार्यक्रम का माहौल भक्ति, उमंग और खुशी से भरपूर रहा। इस अवसर पर मीडिया पार्टनर यमुना संदेश एवं हरियाणा का पैगाम रहे। विद्यालय प्रबंधन ने मीडिया पार्टनर्स का सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। एल्फ आइलैंड प्री-स्कूल द्वारा आयोजित यह जन्माष्टमी उत्सव बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का एक सुंदर अवसर रहा

# अब यमुनानगर में भी शुरू होंगी स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने की तैयारियां

## त्रिनेत्र रिसर्च इन्वेस्टिगेशन फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक में बड़ा फैसला,

हरियाणा का पैगाम, वंदना सपरा :



**यमुनानगर।** साइबर क्राइम, महिला सशक्तिकरण, बाल शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बनी विशेष कार्ययोजना यमुनानगर। त्रिनेत्र रिसर्च इन्वेस्टिगेशन फाउंडेशन की ओर से जगाधरी-यमुनानगर मे एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक एवं समाजहित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में फाउंडेशन के विभिन्न पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुलदीप कुमार ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के पहुंचने पर टीम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य यमुनानगर जिले में भी फाउंडेशन की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी रूप से विस्तार देना रहा। जिस प्रकार फाउंडेशन द्वारा जिला सहारनपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कार्य किया जा रहा है, उसी तर्ज पर यमुनानगर जिले के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक चिकित्सा सहयोग को पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक कुमार लांबा जी को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे यमुनानगर जिले में डॉक्टर्स, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अस्पतालों का एक व्यवस्थित पैनल तैयार करें, ताकि जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता के अनुसार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा सके। इसके लिए जिले के प्रमुख अस्पतालों एवं योग्य चिकित्सकों से संपर्क स्थापित कर एक मजबूत हेल्थ सर्विस पैनल तैयार करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ संगठन सामाजिक क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को और व्यापक बनाएगा। साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता एवं रोकथाम, महिला सशक्तिकरण, बाल शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे विषयों पर विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई गई राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल कागजों तक सीमित रहना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर समाज को वास्तविक सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ऊन्ह्रस्न की सामाजिक सेवा यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा उन्होंने कहा कि—जिस तरह सहारनपुर में हम स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, उसी प्रकार यमुनानगर में भी एक मजबूत स्वास्थ्य नेटवर्क तैयार किया जाएगा। हमारा प्रयास रहेगा कि जरूरतमंद व्यक्ति को सही समय पर सही चिकित्सकीय मार्गदर्शन और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ा जा सके। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों, टीम विस्तार, जनजागरूकता अभियानों और जिले में सामाजिक कार्यों को मजबूत करने को लेकर भी अपने सुझाव दिए।

# सरकार की एकतरफा घोषणा मंजूर नहीं, नियमितीकरण से कम कुछ स्वीकार नहीं, हड़ताल 29वें दिन भी जारी



हरियाणा का पैगाम, दीपक नरूला :

**यमुनानगर।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर पालिका व फायर कर्मचारियों ने लगातार 29वें दिन नगर निगम में इकट्ठे होकर नगर निगम गेट का ताला लगाकर 3 घंटे कामकाज ठप किया और सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।29वें दिन की हड़ताल की अध्यक्षता नगर पालिका शाखा प्रधान पपला व अग्निशमन जिला प्रधान विजेंद्र सिंह ने की।संचालन पालिका सचिव सुभाष व अग्निशमन कोषाध्यक्ष ललित कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल द्वारा सफाई कर्मचारियों को संविदा कर्मचारी सेवा सुरक्षा अधिनियम, 2024 के तहत 60 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा और वेतन वृद्धि देने संबंधी घोषणा को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने खारिज कर दिया है। संघ ने इसे कर्मचारियों के संवैधानिक एवं ट्रेड यूनियन अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि कर्मचारी खैरात नहीं, नियमित रोजगार का अधिकार मांग रहे हैं। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य महासचिव मांगे राम तिगरा व अग्निशमन राज्य मुख्य संगठनकर्ता संतोष कुमार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार संघ के मांग-पत्र में शामिल मांगों को पूरा करे। सफाई एवं सीवर कार्यों में ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को विभाग के रोल पर लिया जाए तथा सफाई, सीवर और पालिका कर्मचारियों सहित अग्निशमन विभाग के अनुबंधित ड्राइवरों एवं फायरमैन को नियमित किया जाए। इसके साथ ही 13 मई को सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच हुए समझौते में स्वीकार की गई मांगों के पत्र तत्काल जारी किए जाएं। उन्होंने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने हड़ताल को 6 सितंबर तक जारी रखने का निर्णय लिया है। सरकार की एकतरफा घोषणाओं, पुलिसिया दमन, फायर कर्मचारियों के निलंबन एवं सेवा समाप्ति तथा महिला-पुरुष सफाई कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के विरोध में पालिका व फायर कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा।

धरने को सम्बोधित करते हुए रिटायर्ड संघ जिला प्रधान जोत सिंह, सीटू नेता विनोद त्यागी ने कहा कि विधानसभा में सरकार द्वारा कर्मचारियों को नियमित करने में कानूनी अड़चन होने की बात कहना तथ्यहीन है। वर्ष 2014 में तीन वर्ष की सेवा पूरी करने वाले ग्रुप-डी कर्मचारियों को नियमित करने के लिए नीति बनाई गई थी, जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी कानूनी रूप से सही ठहराया है।और अब सफाई एवं फायर कर्मचारियों को नियमित करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है। सरकार वर्ष 2014 की नियमितीकरण नीति में आवश्यक तिथि परिवर्तन करके सफाई, सीवर, पालिका एवं अग्निशमन कर्मचारियों को पक्का करने का कानून बनाए और हड़ताल का सम्मानजनक समाधान निकाले। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने 6 सितंबर तक मानी गई मांगों के लिखित आदेश जारी नहीं किए तो संघ इस हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने पर मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। मौके पर नगर पालिका व फायर के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे

# समाधान शिविर में एस.डी.एम. ने सुनी आमजन की समस्याएं, शीघ्र हो समाधान, अधिकारियों को दिए निर्देश




हरियाणा का पैगाम, नितिन नागपाल :

**यमुनानगर।** एसडीएम कार्यालय व्यासपुर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1 शिकायत प्राप्त हुई। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पुलिस विभाग, पंचायती राज संस्थाओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें समाधान शिविर में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव होता है, उनका तत्काल निवारण किया जाता है। वहीं, जिन मामलों में संबंधित विभाग से जांच अथवा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करवाना जरूरी होता है, उन्हें संबंधित विभाग को भेजकर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। इसलिए उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो तथा आमजन को समय पर राहत प्रदान की जाए ताकि उन्हें बार बार कार्यालयों के धक्के न खाने पड़े। कार्यक्रम में मौके पर उनके साथ समाधान शिविर में नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार, खंड विकास पंचायत अधिकारी शबनम रेहलान, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम से जेई रिंकल, पीडब्लूडी विभाग से जे ई जतिन, क्रिड विभाग से विनोद, मार्केट कमेटी व्यासपुर से रामकुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टीआईएमटी में एफिलिएट मार्केटिंग एवं मेटा विज्ञापनों पर व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन

हरियाणा का पैगाम, तनिष्क नरूला :





**यमुनानगर।** तिलक राज चड्ढा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टीआईएमटी), यमुनानगर द्वारा बीबीए एवं एमबीए के विद्यार्थियों के लिए एफिलिएट मार्केटिंग एवं मेटा विज्ञापन विषय पर एक विशेष व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग के आधुनिक एवं व्यावहारिक पहलुओं से अवगत करवाना तथा उन्हें उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक कौशल प्रदान करना था। कार्यशाला में कृष्णा गुप्ता जी, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ईस्ट्रीट, चंडीगढ़ तथा करिश्मा चंबियाल जी , मानव संसाधन कार्यकारी ने विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कृष्णा गुप्ता ने विद्यार्थियों को एफिलिएट मार्केटिंग की अवधारणा, डिजिटल माध्यमों के माध्यम से उत्पाद एवं सेवाओं के प्रचार, लक्षित ग्राहकों की पहचान तथा एफिलिएट साझेदारी के माध्यम से आय अर्जित करने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में एफिलिएट मार्केटिंग युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वतंत्र व्यवसाय के नए अवसर उत्पन्न कर रही है। उन्होंने मेटा विज्ञापनों के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों को फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे मंचों पर प्रभावी विज्ञापन अभियान तैयार करने, सही दर्शक वर्ग का चयन करने, विज्ञापन बजट निर्धारित करने तथा विज्ञापन के प्रदर्शन का विश्लेषण करने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। उन्होंने पहुंच, सहभागिता, क्लिक एवं रूपांतरण जैसे प्रमुख मानकों के माध्यम से विज्ञापन अभियानों की प्रभावशीलता को मापने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग की वर्तमान अपेक्षाओं, रोजगार के बदलते स्वरूप तथा डिजिटल कौशल के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संचार कौशल, व्यावसायिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास एवं निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी रोजगार बाजार में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ प्रभावी संचार एवं व्यावसायिक कौशल भी अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विशेषज्ञों से डिजिटल मार्केटिंग एवं रोजगार से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। इस संवादात्मक सत्र ने विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक व्यावसायिक परिस्थितियों से जोड़ने का अवसर प्रदान किया।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जन्माष्टमी पर्व पर राधा-कृष्ण का रूप धारण कर दी प्रस्तुति

हरियाणा का पैगाम, साहिल उप्पल :



**यमुनानगर।** भगवान श्रीकृष्ण जहाँ अपनी करूणा, दया और भक्त वत्सलता के लिए पूजनीय हैं,वहीं भक्तों के बीच इनकी बाल-क्रीडाएं, चंचलता तथा मनोहर रूप भी अधिक प्रिय है।श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण के इसी बाल रूप को धरा और धूमधाम से जन्माष्टमी का त्योहार मनाया। कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण की सुंदर पोशाक पहनकर नृत्य-गायन एवं कविता प्रस्तुत की।अध्यापिका कृष्णा, राजवंत कौर,निशा नागपाल, रचना , निशा और नीलिमा के नेतृत्व में जन्माष्टमी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने सभी को जन्माष्टमी के त्योहार की बधाई देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण भगवान को हम उनकी दया,करूणा,प्रेम और भक्त-वत्सलता के लिए पूजते हैं परंतु साथ ही हमें उनके जीवन से प्रेरणा भी लेनी चाहिए कि व्यक्ति के जीवन में चाहे कितनी ही रूकावटें, बाधाएं या कष्ट क्यों ना आ जाएं उसे कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए । हमेशा अन्याय के खिलाफ डटकर खडे रहना चाहिए तथा धर्म एवं न्याय का बिना किसी डर के साथ देना चाहिए। प्रेम, सौहार्द, मानवता तथा दूसरों की भावनाओं को सम्मान देना व्यक्ति के ऐसे गुण हैं जो उसे सही मायनो में इंसान बनाते हैं व दूसरों से श्रेष्ठ बनाते हैं।

# आरोहन वेलफेयर सोसायटी ने शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मलिक रोज़ी आनंद की मौजूदगी में शिक्षकों को किया सम्मानित

**हरियाणा का पैगाम, सुन्दर प्रताप :**



**यमुनानगर।** आरोहन वेलफेयर सोसायटी की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हरियाणा स्टेट सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन एवं मुख्य अतिथि मलिक रोज़ी आनंद ने शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. सुरिंदर कौर एवं श्रीमती मोनिका खुराना भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। समारोह का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान करने के साथ-साथ सामाजिक सेवा में सक्रिय शिक्षकों को प्रोत्साहित करना रहा। सोसायटी ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संत निश्चल सिंह स्कूल यमुनानगर, सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल व्यासपुर एवं जगाधरी, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल सेक्टर-17 हुड्डा, डीएवी कॉलेज यमुनानगर, हिंदू गर्ल्स कॉलेज जगाधरी, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल प्रोफेसर कॉलोनी यमुनानगर, एस.एम. मिडिल स्कूल, गुरु रामदास स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल तथा सुदर्शन फाउंडेशन के शिक्षकों एवं प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। समारोह में बॉलीवुड एवं पॉलीवुड अभिनेता जूनियर जसपाल भट्टी उर्फ गुरमीत चावला ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मनोरंजन किया। अपनी कॉमेडी से उन्होंने शिक्षकों और अतिथियों को खूब हंसाया तथा समारोह का माहौल खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन वंदना सप्रा ने किया। इस अवसर पर अमर द ज्वेलर्स से सुंदर प्रताप नारंग, सुदर्शन फाउंडेशन से संदीप बजाज, आशिमा लूथरा, वीएलसीसी यमुनानगर से वर्ल्ड मॉडल कोमल कांबोज, डीएवी गर्ल्स कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग विभाग की हेड ऑफ डिपार्टमेंट मंजीत कौर, सत्यं नागपाल, संजीव ओबराय, विनोद तथा नरेंद्र बख्शी को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मानित किया गया। इनर व्हील क्लब द्वारा सामाजिक सेवा एवं विशेष बच्चों के लिए निरंतर दिए जा रहे सहयोग के लिए भी विशेष आभार व्यक्त किया गया। आरोहन वेलफेयर सोसायटी की कोऑर्डिनेटर रेखा ठकराल ने सभी सम्मानित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्कूलों के प्रिंसिपल, डायरेक्टर एवं प्रबंधन भी सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। विशेष रूप से दीपावली के अवसर पर इन संस्थानों द्वारा आरोहन वेलफेयर सोसायटी और विशेष बच्चों के लिए निरंतर सहयोग किया जाता है। उन्होंने सभी समाजसेवियों एवं मानवतावादी लोगों से अपील की कि वे आरोहन वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से विशेष बच्चों की मदद के लिए आगे आएं और सोसायटी की फाउंडर डॉ. रितु सोनी के सामाजिक सेवा के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें।

# करियर डिफेंस स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



**हरियाणा का पैगाम, मीनू :**



**यमुनानगर।** करियर डिफेंस स्कूल, यमुनानगर में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के सम्मान के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। समारोह में रिटायर्ड सूबेदार ओ.पी. राय, सीईओ विनय राय, चेयरपर्सन आइना अरोड़ा, अकादमी हेड रेणु, प्रिंसिपल डायरेक्टर अशोक मोरे, अनुराधा शर्मा, संजीव शर्मा, मुख्य अतिथि शिवानी जुनेजा, डॉ. अनिल अग्रवाल, वंदे भारत फाउंडेशन के डायरेक्टर विक्रम सिंह, डॉ. कल्याण, बलकार सिंह तथा पृथ्वी सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मीडिया जगत से संजीव ओबेरॉय एवं सत्यम नागपाल तथा अकादमी हेड हर्ष शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की एंकरिंग वंदना सपरा जी द्वारा बेहद शानदार एवं प्रभावशाली ढंग से की गई। उनकी बेहतरीन प्रस्तुति, आत्मविश्वास और मंच संचालन ने समारोह को और भी आकर्षक एवं खुशनुमा बना दिया। उनकी उपस्थिति एवं सहयोग के लिए विद्यालय प्रबंधन ने उनका विशेष आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथियों ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों के भविष्य को सही दिशा प्रदान करने में शिक्षकों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। समारोह के दौरान वंदे भारत फाउंडेशन के संस्थापक एवं डायरेक्टर विक्रम सिंह द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।


एटवोकेट रीटा खारवा कानूनी सलाहकार


एटवोकेट साहब सिंह गुर्जर कानूनी सलाहकार


एटवोकेट ललित कुमार कानूनी सलाहकार


एटवोकेट संतोष शर्मा कानूनी सलाहकार

# जनसंचार विभाग की छात्रा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मेरिट सूचि में चौथा स्थान किया हासिल



**हरियाणा का पैगाम, मनीष अरोड़ा :**

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्रा कामना ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में चौथा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। बीए मॉस कम्यूनिकेशन के छठे सेमेस्टर में कामना ने 3300 में से 2538 अंक प्राप्त कर 77 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जो कि नौ सीजीपीए है। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर कौर ने कामना को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त करना छात्रा की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कामना ने प्रदेशभर में कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है, जो पूरे कॉलेज परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में कामना को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ. परमेश कुमार त्यागी सहित विभाग के शिक्षकों को भी बधाई दी। विभागाध्यक्ष डॉ. परमेश कुमार त्यागी ने बताया कि पढ़ाई के साथ कामना ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मीडिया फेस्ट में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उसने कई बार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि कामना की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

**शिक्षक बनकर समाज को नई दिशा देना चाहती है कामना :**

कामना का सपना भविष्य में शिक्षक बनकर समाज को नई दिशा देना है। इसके लिए वह लगातार मेहनत कर रही है। उसका मानना है कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे प्रभावी साधन है। मेरिट में स्थान हासिल करने के बाद उसका आत्मविश्वास और बढ़ा है तथा वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# हिमाचल प्रदेश की उभरती हुई सितारा सान्या औस्ता

**हरियाणा का पैगाम, कमल विनायक :**



**हि.प्र.।** 19 वर्षीय सान्या औस्ता चंडीगढ़ में रहने वाली अभिनेत्री और मॉडल हैं, जिनकी जड़ें हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के रत्नाड़ी गांव से जुड़ी हैं। परिवार ने हमेशा उनके सपनों का मजबूती से साथ दिया है। सान्या की यह यात्रा केवल खिताबों और उपलब्धियों की कहानी नहीं है, बल्कि मेहनत, संघर्ष, आत्मविश्वास, दृढ़ता और पारिवारिक सहयोग की मिसाल है। उनका लक्ष्य हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करना है। सान्या ने पेजेंट और मॉडलिंग की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। वह मिस टीन इंडिया 2023, डब्ल्यूडब्ल्यू एफ मिस इंडिया 2025 और मिस प्रफेक्ट फिगर की विजेता रह चुकी हैं। इसके साथ ही वह 6 से अधिक क्राउन अपने नाम कर चुकी हैं, जो पेजेंट इंडस्ट्री में उनके अनुभव और उपलब्धियों को दर्शाता है। उन्होंने पेंटालून, यूनाइटिड क्लर्स आफ बेनेटम और अमरटेक्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के लिए प्रोफेशनल शूट भी किए हैं। मॉडलिंग के साथ-साथ सान्या ने फैशन और पेजेंट इंडस्ट्री में अपनी भूमिका का विस्तार किया है। उन्होंने मिस हिमाचल शो में शोस्टॉपर के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कई प्रतिष्ठित शो एवं कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित की गईं। हाल ही में उन्होंने मिस नार्थ इंडिया 2026 में विशेष अतिथि के रूप में अपनी बढ़ती पहचान को और मजबूत किया। सान्या की सफलता के पीछे उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा उनकी मां हैं।नाम सरोज औस्ता 7 सान्या की मां ने बहुत कम उम्र से ही अनेक संघर्षों का सामना किया और साहस, मेहनत तथा दृढ़ संकल्प के साथ अपनी पहचान बनाई। मां के संघर्षपूर्ण जीवन ने सान्या को मजबूत बने रहने, निरंतर मेहनत करने और अपने सपनों को कभी न छोड़ने की सीख दी। सान्या के लिए सफलता केवल सिर पर ताज सजाने या रैंप पर चलने तक सीमित नहीं है। उनका बड़ा सपना ऐसा मुकाम हासिल करना है, जिस पर उनका परिवार और उनका हिमाचल प्रदेश गर्व कर सके। वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े मंचों पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं और यह साबित करना चाहती हैं कि प्रतिभा, मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत पारिवारिक संस्कार व्यक्ति को किसी भी ऊंचाई तक पहुंचा सकते हैं।






























स्वामी, संपादक / प्रकाशन एवं मुदक सत्यम नागपाल, इम्प्रेशन प्रिंटिंग पैकजिंग लि0, प्लाट नं0 119/4 के.एम. जी.टी. रोड़, पीछे पी.पी. ऑटोमेटिव, करनाल, हरियाणा, पिन -132001, PRGI No.: HRHIN/26/A3461
हरियाणा से मुद्रित तथा मकान नं0 367, एफ, प्रोफेसर कालोनी, यमुनानगर-135001 हरियाणा से प्रकाशित, मो0 93155-55560, पिन कोड 135001 मुख्य संपादक : सत्यम नागपाल। सभी विवादों को क्षेत्र जगाधरी न्यायालय होगा